5. वैतरना	60.00	117.71	60.00	127.05	60.00	158.30
6. तिलारी	60.00	132.65	60.00	112.95	60.00	126.51
7. भैरा टेल रेस	80.00	93.89	80.00	81.04	80.00	103.27
8. घाटघर पीएसएस	250.00	149.15	250.00	350.89	250.00	317.19
कुल महाजेनको	2406.00	3796.09	2406.00	4461.21	2406.00	4590.68
डडसन-लिंडब्लोम हाइड्रो पावर प्रा. लि.(डीएलएचपी)						
1. भंडारधारा II	34.00	54.62	34.00	56.71	34.00	116.69
कुल डीएलएचपी	34.00	54.62	34.00	56.71	34.00	116.69
टाटा हाइड्रो						
1. भीरा	150.00	890.81	150.00	875.34	150.00	1008.08
2. भीरा पीएसएस	150.00		150.00		150.00	
3. भीवपुरी	75.00	304.75	75.00	198.88	75.00	247.28
4. खोपोली	72.00	259.47	72.00	236.10	72.00	275.71
कुल टाटा	447.00	1455.03	447.00	1310.32	447.00	1531.07
कुल महाराष्ट्र	2887.00	5305.74	2887.00	5828.24	2887.00	6238.44

कुल पश्चिमी	7392.00	13301.45	7392.00	15015.73	7392.00	19247.59
दक्षिणी क्षेत्र						
आंध्र प्रदेश						
एपीजेनको						
1. मचुकुंड	114.75	610.14	114.75	585.46	114.75	485.33
2. टीबी डैम एंड हंपी	72.00	189.09	72.00	185.76	72.00	187.05
3. अपर सिलेरू I एंड II	240.00	232.05	240.00	419.65	240.00	415.46
4. लोअर सिलेरू	460.00	629.29	460.00	1065.09	460.00	1032.83
5. एनजे सागर पीएसएस	815.60	1213.94	815.60	1298.04	815.60	1129.25
6. एनजे सागर आरबीसी	90.00	115.97	90.00	282.58	90.00	156.06
7. एनजे सागर एलबीसी	60.00	30.72	60.00	137.14	60.00	68.80
9 श्रीसेलम आरबी	770.00	1278.52	770.00	1835.54	770.00	1219.16
9. पोचमपाद	27.00	2.55	27.00	82.70	27.00	88.21
10. श्रीसेलम एलबी	900.00	1279.93	900.00	1991.77	900.00	1381.68
11. प्रियादर्शनी	117.00	238.94	195.00	125.85	234.00	207.22
कुल एपीजेनको	3666.35	5821.14	3744.35	8009.58	3783.35	6371.05
कुल आंध्र प्रदेश	3666.35	5821.14	3744.35	8009.58	3783.35	6371.05
कर्नाटक						
केपीसीएल						
1. शरावती	1035.00	5238.11	1035.00	4548.08	1035.00	5707.82
2. कालीनदी	855.00	2480.25	855.00	2031.53	855.00	3671.74
3. सूपा डीपीएच	100.00	392.26	100.00	533.03	100.00	553.98
4. भद्रा	39.20	54.46	39.20	56.36	39.20	73.50
5. लिंगनामक्की	55.00	284.37	55.00	182.84	55.00	306.40
6. वराही	460.00	1200.46	460.00	987.14	460.00	1125.98
7. घाटप्रभा	32.00	89.86	32.00	90.79	32.00	100.91
8. कद्रा	150.00	354.64	150.00	302.54	150.00	487.71
9. कोडासाली	120.00	321.20	120.00	258.68	120.00	455.52
10. गरसोप्पा	240.00	558.96	240.00	464.15	240.00	582.59
11. अमाटी डैम	290.00	536.86	290.00	540.3	290.00	521.15
12. जोग	139.20	344.86	139.20	317.99	139.20	236.73
13. शिवासमुंद्रम	42.00	298.28	42.00	313.34	42.00	335.65
14. मुनीराबाद	28.00	93.92	28.00	120.12	28.00	98.00
कुल केपीसीएल	3585.40	12248.49	3585.40	10746.89	3585.40	14257.68
कुल कर्नाटक	3585.40	12248.49	3585.40	10746.89	3585.40	14257.68
केरल						
केएसइबी						
1. इडुक्की	780.00	2035.73	780.00	2258.69	780.00	3044.41
2. सबारीगिरी	300.00	1403.19	300.00	1372.93	300.00	1434.25
3. कुट्टीयाडी	125.00	639.12	125.00	564.34	125.00	774.73
4. कुट्टीयाडी एडीशनल एक्टें			100.00		100.00	
5. शोलायर	54.00	229.56	54.00	243.25	54.00	220.36
6. सेनगुलाम	48.00	157.78	48.00	170.62	48.00	162.27
7. नरीमंगलम	70.00	337.17	70.00	370.57	70.00	360.56
8. पल्लीवसल	37.50	240.17	37.50	235.54	37.50	231.66
9. पोरीगालकुथु	32.00	155.98	32.00	187.57	32.00	184.76
10. पन्नीयार	30.00	132.8	30.00	180.87	30.00	165.85
11. इदमलयार	75.00	333.97	75.00	376.87	75.00	348.98
12. लोअर पेरीयार	180.00	525.34	180.00	615.95	180.00	648.62
13. कक्कड़	50.00	224.90	50.00	224.42	50.00	231.53

कुल केएसईबी	1781.50	6415.71	1881.50	6801.62	1881.50	7807.98
कुल केरल	1781.50	6415.71	1881.50	6801.62	1881.50	7807.98
तमिलनाडु						
टैंजेडको						
1. पइकारा	59.20	74.03	59.20	30.75	59.20	41.63
2. मोयार	36.00	212.48	36.00	155.5	36.00	131.65
3. कुंदा I-V	555.00	1703.51	555.00	1501.69	555.00	1356.15
4. पारसंस वैली	30.00	65.33	30.00	37.08	30.00	35.89
5. सुरूलियार	35.00	99.05	35.00	98.1	35.00	115.57
6. अलीयार	60.00	173.94	60.00	172.12	60.00	183.09
7. मेट्टूर डैम एंड टनेल	240.00	471.87	250.00	360.89	250.00	623.89
8. लोअर मेट्टू I-IV	120.00	298.24	120.00	262.62	120.00	403.25
9. पेरियार	140.00	396.16	140.00	432.04	140.00	537.47
10. पापनासम	28.00	130.04	32.00	137.57	32.00	122.36
11. सरकारपथी	30.00	121.17	30.00	134.33	30.00	109.57
12. शोलायर I एंड II	95.00	350.3	95.00	413.05	95.00	278.61
13. कोडयारI एंडII	100.00	280.28	100.00	145.54	100.00	296.66
14. कदमपराई पीएसएस	400.00	499.44	400.00	572.45	400.00	510.53
15. पइकारा अल्टीमेट	150.00	560.23	150.00	431.62	150.00	356.95
16.भवानी कट्लई बैराज-I	30.00	74.96	30.00	72.17	30.00	97.95
17.भवानी कट्लई बैराज-III						-
कुल टैंजेडको	2108.20	5511.03	2122.20	4957.52	2122.20	5201.22
कुल दक्षिणी	11141.45	29996.37	11333.45	30515.61	11372.45	33637.93
पूर्वी क्षेत्र						
झारखंड						
जेएसईबी						
1. स्वर्णरेखा I एंडII	130.00	115.68	130.00	3.46	130.00	270.05
कुल झारखंड	130.00	115.68	130.00	3.46	130.00	270.05
डीवीसी						
1. मैथन (डब्लूबी)	63.20	102.48	63.20	55.72	63.20	121.95
2. पंचेत	80.00	85.87	80.00	59.28	80.00	174.17
कुल डीवीसी	143.20	188.35	143.20	115.00	143.20	296.12
ओडिशा						
ओएचपीसी						
1. बालीमेला	510.00	784.82	510.00	1284.64	510.00	1047.29
2. हीराकुड IएंडII	347.50	702.89	347.50	939.48	347.50	1025.63
3. रेंगाली	250.00	551.64	250.00	270.23	250.00	873.31
4. अपर कोलाब	320.00	407.92	320.00	661.2	320.00	604.24
5. अपर इंद्रावती	600.00	1472.74	600.00	1598.7	600.00	1436.86
कुल ओएचपीसी	2027.50	3920.01	2027.50	4754.25	2027.50	4987.33
पश्चिम बंगाल						
डब्ल्यूबीएसईडीसीएल						
1. जलढाका I	27.00	0	27.00	51.03	27.00	84.25
2. रम्माम II	50.00	209.64	50.00	200.09	50.00	227.18
3. पुरूलिया पीएसएस	900.00	867.83	900.00	878.87	900.00	766.46
कुल डब्ल्यू.बी.एस.ई.बी.	977.00	1077.47	977.00	1129.99	977.00	1077.89
एनएचपीसी						
1. तीस्ता लो डैम III						
कुल एनएचपीसी (डब्ल्यू बी)						
सिक्किम						
एनएचपीसी						
1. रंगित (सिक्किम)	60.00	329.34	60.00	352.2	60.00	352.60

2. तीस्ता-V (सिक्किम)	510.00	2597.50	510.00	2624.26	510.00	2568.00
कुल एनएचपीसी(सिक्किम)	570.00	2926.84	570.00	2976.46	570.00	2920.60
कुल पूर्वी	3847.70	8228.35	3847.70	8979.16	3847.70	9551.99
उत्तर पूर्वी क्षेत्र						
असम						
एपीजीसीएल						
1. कारबी लांगपी	100.00	400.37	100.00	406.78	100.00	460.94
मेघालय						
एमईसीएल						
1. कीरदेमुकलाइ	60.00	144.90	60.00	205.35	60.00	132.62
2. उमीयाम स्टे.I	36.00	336.43	36.00	47.45	36.00	98.96
3. उमीयाम स्टे.IV	60.00		60.00	30.43	60.00	184.13
4. मिट्डु		0.00			84.00	0.00
कुल एमईसीएल	156.00	481.33	156.00	283.23	240.00	415.71
नीपको						
1. खांडोंग	75.00	149.43	75.00	155.57	75.00	178.79
2. कोपीली	200.00	784.43	200.00	792.02	200.00	992.06
3. दोयांग	75.00	183.55	75.00	256.04	75.00	228.84
4. रंगानदी	405.00	1033.08	405.00	1399.56	405.00	978.40
कुल नीपको	755.00	2150.49	755.00	2603.19	755.00	2378.09
एनएचपीसी						
1. लोकटक(मणिपुर)	105.00	381.39	105.00	603.89	105.00	523.50
कुल केंद्रीय	860.00	2531.88	860.00	3207.08	860.00	2901.59
कुल उत्तर पूर्वी	1116.00	3413.58	1116.00	3897.09	1200.00	3778.24
कुल अखिल भारतीय	36863.40	103916.27	37567.40	114257.36	38990.40	130509.52

****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4057
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

जल विद्युत परियोजनाओं में विलंब

†**4057. श्री संजय धोत्रेः**
श्री भर्तृहरि महताबः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बड़े बांधों पर आधारित परियोजनाओं के कारण विस्थापित लोगों के पुनर्वास और पुनर्स्थापना संबंधी नीति की अस्पष्टता के कारण देश में कई जल विद्युत परियोजनाएं रुकी पड़ी हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है तथा पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान निरस्त हुई जल विद्युत परियोजनाओं का परियोजना–वार और राज्य–वार ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसी परियोजनाओं के विलंब के कारण लागत में वृद्धि का ब्यौरा क्या है तथा परियोजना–वार इनमें कितनी निधि अटकी है; और

(घ) सरकार द्वारा इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन, निरस्त परियोजनाओं के पुनरुद्धार और उनकी बढ़ती लागत की वसूली में अत्यधिक विलंब से निपटने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) : जी नहीं।
(ख) से (घ) : प्रश्न नहीं उठता।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4060
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

ताप विद्युत संयंत्र

†4060. डॉ॰ रतन सिंह अजनाला:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान पंजाब में स्थापित ताप विद्युत संयंत्रों का स्थान–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्य में विद्युत की मांग को केवल ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा उत्पादित बिजली से पूरा किया जाता है, तथा यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य में विद्युत उत्पादन और आपूर्ति का ब्यौरा क्या है;

(ग) पंजाब सरकार द्वारा राज्य में ताप विद्युत संयंत्रों की स्थापना के लिए केन्द्र सरकार के पास प्रस्तुत वर्तमान में लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;

(घ) इन प्रस्तावों के निपटान में विलंब के क्या कारण हैं; और

(ङ) उक्त प्रस्तावों पर कब तक कार्रवाई किए जाने की संभावना है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) : विगत पाँच वर्षों के दौरान, लहरामोहब्बत, पंजाब में गुरू हरगोविन्द ताप संयंत्र (जीएचटीपी) के निम्नलिखित यूनिटों के चालू किया गया है :

परियोजना का नाम/यूनिट संख्या/क्षमता	**चालू होने की तिथि**
जीएचटीपी चरण-II, लहरामोहब्बत यू-3 250 मेगावाट यू-4 250 मेगावाट	यू-3 : 03.01.2008 यू-4 : 31.07.2008

इसके अतिरिक्त पंजाब में निम्नलिखित परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं :

परियोजना	यूनिट	क्षमता (मेगावाट)	चालू करने के लक्ष्य की समय-सीमा
गोइंदवाल साहिब	यू-1	270	जून-13
	यू-2	270	अक्टूबर-13
राजपुरा टीपीपी (नाभा)	यू-1	700	जनवरी-14
	यू-2	700	मार्च-14
तलवन्डी साबो टीपीपी	यू-1	660	दिसंबर-13
	यू-2	660	अप्रैल-14
	यू-3	660	जुलाई-14

(ख) : पंजाब राज्य में माँग को अपने ताप एवं जलविद्युत परियोजनाओं के माध्यम से पूरा किया जाता है, पंजाब बीबीएमबी से शेयर, केन्द्रीय क्षेत्र परियोजनाओं से विद्युत खरीद, बैंकिंग और अल्पावधि विद्युत खरीद करता है । पंजाब राज्य के लिए पिछले तीन वर्षों 2010-11, 2011-12, और 2012-13 (फरवरी, 2013 तक) के लिए क्रमशः 42520 एमयू, 44824एमयू और 42711 एमयू निवल ऊर्जा उपलब्धता के ब्यौरे हैं ।

(ग) : विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 7 के अनुसार, कोई भी उत्पादन कंपनी लाइसेंस प्राप्त किए बिना एक उत्पादन केन्द्र की स्थापना, प्रचालन और रख-रखाव कर सकता है, यदि यह ग्रिड के साथ तकनीकी मानकों संबंधी संयोजकता के साथ पालन करता है । अतः सरकार के पास पंजाब सरकार का ताप विद्युत परियोजना की स्थापना के लिए कोई भी प्रस्ताव लम्बित नहीं है ।

(घ)और (ङ) : उपर्युक्त (ग) के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न नहीं उठता ।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4077
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

सीमा पर जल–विद्युत परियोजनाएं

†**4077. श्री गणेशराव नागोराव दूधगांवकरः**
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में जल–विद्युत परियोजनाओं में विदेशी कम्पनियों की भागीदारी के बारे में जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ऐसी विदेशी कम्पनियों को अनुमति देते समय देश के सुरक्षा–सरोकारों को ध्यान में रखा गया था;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) : जी, हां।

(ख) : देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में विदेशी कंपनियों की भागीदारी वाली जल विद्युत परियोजनाओं (25 मेगावाट और इससे अधिक) की सूची **अनुबंध** में संलग्न है।

(ग) से (ड) : विद्युत मंत्रालय ने दिनांक 03.09.2009 को संवेदनशील क्षेत्रों केंद्रीय और राज्य क्षेत्रों में तथा स्वतंत्र विद्युत उत्पादनकर्ताओं द्वारा स्थापित की जा रही जल विद्युत परियोजनाओं (एचईपी) के संबंध में कार्य पैकेज के लिए निविदा में विदेशी कंपनियों की भागीदारी के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। "इन दिशा-निर्देशों के खण्ड-2 के अनुसार संवेदनशील क्षेत्रों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में एचईपी के संबंध में विकल्प करते समय राष्ट्रीय सुरक्षा एक महत्वपूर्ण निर्धारक होगा।"

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 21.3.2013 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं0 4077 के भाग (ख) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध।

****

देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में जल विद्युत परियोजनाओं में विदेशी कंपनियों की भागीदारी से कार्यान्वयनाधीन जल विद्युत परियोजनाओं की सूची

(नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं को छोड़कर)

क्र. सं.	परियोजना का नाम /क्षेत्र/संस्थापित क्षमता	कार्यान्वयन एजेंसी	लाभ (मेगावाट)	चालू होने का संभावना	भाग लेने वाले विदेशी कंपनियों के नाम
	जम्मू एवं कश्मीर				
1.	उरी-II/ केंद्रीय 4x60=240 मे.वा.	एनएचपीसी	240	2012-13	मैसर्स एल्सटॉम, इंडिया एवं फ्रांस(ई एंड एम कार्य)
2.	किशनगंगा / केंद्रीय 3x110=330 मे.वा.	एनएचपीसी	330	2016-17	डीएसडी नोइल जीएमविल, जर्मनी(एच.एम कार्य)
3.	बगलिहार-II/ राज्य 3x150=450 मे.वा.	जेकेपीडीसी	450	2016-17	वायथ-एंड्रीट्ज कोनसोर्टियम(ई एंड एम कार्य)
	हिमाचल प्रदेश				
4.	कोल डैम / केंद्रीय 4x200 =800 मे.वा.	एनटीपीसी	800	2014-15	भेल, तोशिबा एवं मरूबेनी (ई एंड एम कार्य)
	उत्तराखंड				
5.	टेहरी पीएसएस/ केंद्रीय 4x250 = 1000 मे.वा.	टीएचडीसी	1000	2017-18	मैसर्स एल्सटॉम, फ्रांस (ई एंड एम कार्य)
	अरूणाचल प्रदेश				
6.	सुबानसिरी लोअर / केंद्रीय 8x250 = 2000	एनएचपीसी	2000	2016-18	मैसर्स एल्सटॉम, फ्रांस एवं नई दिल्ली(ई एंड एम कार्य)

****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4082
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

एन॰टी॰पी॰सी॰ संयंत्रों का बन्द होना

†**4082. डॉ॰ पी॰ वेणुगोपालः**
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एन॰टी॰पी॰सी॰) ने अपनी कुछ इकाइयों/संयंत्रों को बन्द करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो इकाई–वार/संयंत्र–वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख) : आज की तिथि तक, एनटीपीसी ने अपनी किसी भी यूनिटों/संयंत्रों को स्थायी रूप से बंद करने का कोई निर्णय नहीं लिया है।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4083
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

विद्युत क्षेत्रक में स्वतंत्र संस्थाएं

†**4083. श्री एम॰ के॰ राघवनः**
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विद्युत क्षेत्रक में राज्य–स्तर पर प्रस्तावित द्विभाजन एवं स्वतंत्र संस्थाओं के सृजन संबंधी प्रस्ताव का सभी राज्यों द्वारा कार्यान्वयन किया गया है;

(ख) यदि नहीं, तो विद्युत अधिनियम, 2003 के उपबंधों का कार्यान्वयन न करने वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि राज्य सरकारों द्वारा अधिनियम के सभी उपबंधों को लागू किया जाए; और

(घ) राज्य स्तर पर ऐसी स्वतंत्र संस्थाओं के सृजन से प्राप्त लाभों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख): विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 172 के साथ पठित धारा 131 में राज्य विद्युत बोर्डों के पुनर्गठन की व्यवस्था की गई है । इसमें यह भी व्यवस्था की गई है कि राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा एक वर्ष की अवधि की उतनी अवधि के लिए, जो केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा आपस में लय की जाए, राज्य पारेषण यूटिलिटी और लाइसेन्सी के रूप में कार्य को जारी रखने के लिए राज्य विद्युत बोर्ड को प्राधिकृत कर सकेगी । तदनुसार, संबंधित राज्य सरकार के अनुरोध पर, केन्द्र सरकार ने राज्य पारेषण यूटिलिटी और लाइसेन्सी के रूप में कार्य करने के लिए राज्य विद्युत बोर्ड को समय-समय पर विस्तार दिया है । कुल 21 राज्य विद्युत बोर्डों में से, अब तक 19 राज्य विद्युत बोर्डों का पुनर्गठन किया जा चुका है । झारखण्ड और केरल के राज्य विद्युत बोर्डों का अभी पुनर्गठन किया जाना है ।

(ग): विद्युत समवर्ती सूची का विषय होने के कारण, अधिनियम के प्रावधानों में इस अधिनियम, के अंतर्गत परिभाषित केन्द्र और राज्य सरकारों तथा विभिन्न सांविधिक निकायों और इकाइयों के

कार्यों और दायित्वों की व्यवस्था की गई है । केन्द्र सरकार समय-समय पर विद्युत अधिनियम, 2003 के विभिन्न

प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न मोर्चों पर राज्य सरकारों के साथ मामले को उठा रही है । राज्यों द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 के कुछ प्रावधानों के कार्यान्वयन की स्थिति **अनुबंध** में दी गई है ।

(घ): विद्युत मंत्रालय ने राज्य विद्युत बोर्डों के पुनर्गठन के प्रभाव पर इंडियन इन्सटीयूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (आईआईपीए) द्वारा एक अध्ययन करवाया है ।

इस अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि "कुछ कमियों के वावजूद भी, पुनर्गठन का समग्र प्रभाव सकारात्मक और सही दिशा में रहा है "। आईआईपीए द्वारा दी गई रिपोर्ट बताती है कि चार राज्यों में निम्नलिखित समग्र सुधार देखे गए हैं जिन्होंने अपने राज्य विद्युत बोर्डों (आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक और उड़ीसा) का पुनर्गठन किया है ।

(i) एटीएण्डसी हानियों में कमी की प्रवृत्ति ।

(ii) बढ़े हुए तथा अधिक केन्द्रित निवेश ।

(iii) क्षमता अभिवृद्धि और विद्युत प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण ।

(iv) स्थानीयकरण और अकुशलता की कमी ।

(v) संशोधित कस्टमर केयर ।

(vi) मीटरिंग, बिलिंग एवं संग्रह आदि में प्रगति ।

(vii) यूटिलिटियों का बढ़ा हुआ दायित्व ।

(viii) विनियामक तंत्र की स्थापना ।

(ix) उपभोक्ताओं का सशक्तिकरण ।

(x) नियमित आधार पर यूटिलिटियों के निष्पादन की रिपोर्टिंग एवं समीक्षा ।

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 21.3.2013 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं0 4083 के भाग (ग) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध।

****

विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों द्वारा की गई कार्रवाई (18.3.2013 तक)

क्रम सं.	राज्य/संघ शामिल क्षेत्र	राज्य विद्युत विनियामक आयोग का गठन (धारा 82)	उपभोक्ता शिकायत निपटारा फारम की स्थापना (धारा 42(5))	लोकपाल की नियुक्ति(धारा 42(6))
1.	आंध्र प्रदेश	हाँ	हाँ	हाँ
2.	असम	हाँ	हाँ	हाँ
3.	बिहार	हाँ	हाँ	हाँ
4.	छत्तीसगढ़	हाँ	हाँ	हाँ
5.	दिल्ली	हाँ	हाँ	हाँ
6.	गुजरात।	हाँ	हाँ	हाँ
7.	हरियाणा।	हाँ	हाँ	हाँ
8.	हिमाचल प्रदेश	हाँ	हाँ	हाँ
9.	झारखंड	हाँ	हाँ	हाँ
10.	कर्नाटक	हाँ	हाँ	हाँ
11.	केरल।	हाँ	हाँ	हाँ
12.	मध्य प्रदेश	हाँ	हाँ	हाँ
13.	महाराष्ट्र।	हाँ	हाँ	हाँ
14.	मेघालय	हाँ	हाँ	हाँ
15.	ओडिशा	हाँ	हाँ	हाँ
16.	पंजाब।	हाँ	हाँ	हाँ
17.	राजस्थान	हाँ	हाँ	हाँ
18.	तमिलनाडु।	हाँ	हाँ	हाँ
19.	उत्तर प्रदेश	हाँ	हाँ	हाँ
20.	उत्तराखंड	हाँ	हाँ	हाँ
21.	पश्चिम बंगाल	हाँ	हाँ	हाँ
22.	अरूणाचल प्रदेश	हाँ	नहीं	नहीं
23.	मिजोरम	हाँ	नहीं	नहीं
24.	मणिपुर	(जेईआरसी मणिपुर एवं मिजोरम)	हाँ	नहीं
25.	नागालैंड	हाँ	नहीं	नहीं
26.	सिक्किम	हाँ	नहीं	नहीं
27.	त्रिपुरा	हाँ	हाँ	हाँ
28.	जम्मू व कश्मीर	हाँ(राज्य अधिनियम अंतर्गत गठन)	हाँ (यद्यपि जम्मू कश्मीर राज्य में केंद्रीय अधिनियम लागू नहीं होता है और वहां राज्य अधिनियम का प्रावधान नहीं है)	
29.	गोवा**	हाँ जेईआरसी के लिए यूटी	हाँ	हाँ
30.	दादर नागर हवेली**		हाँ	हाँ
31.	दमन एवं दीव**		हाँ	हाँ
32.	चंडीगढ़**		हाँ	हाँ
33.	अंदमान निकोबार द्वीपसमूह**		हाँ	हाँ
34.	लक्षद्वीप**		हाँ	हाँ
35.	पुडुचेरी**		हाँ	हाँ

** संघशासित राज्यों (अंडमान एवं निकोबार, चंडीगढ़, दादर एवं नागर हवेली, दमन एवं दीव, लक्षद्वीप एवं पुडुचेरी)के लिए जेईआरसी में गोवा राज्य सम्मिलित है ।

****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4085
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

दामोदर घाटी निगम द्वारा किया गया अनुबंध

†**4085. श्री डी॰ बी॰ चन्द्रे गौडा:**
क्या **विद्युत** मंत्री दामोदर घाटी निगम द्वारा किये गये अनुबंध के बारे में 20 दिसम्बर, 2012 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4447 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि अभी तक इस मामले में हुई जांच की क्या प्रगति है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

बोकारो थर्मल पावर स्टेशन 'बी' (बीटीपीएस 'बी') में टरबाइन जेनरेटर यूनिट नं.-3 की ओवरहॉलिंग से संबंधित ठेका का अवार्ड तथा बीटीपीएस 'बी' में टरबाइन जेनरेटर यूनिट नं.-1 की संक्षिप्त ओवरहॉलिंग मैसर्स ईएम सर्विसेज (आई) प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर को अवार्ड की गई है- केंद्रीय सतर्कता आयोग को दिनांक 07.01.2013 को एक रिपोर्ट पहले ही भेज दी गई है। रिपोर्ट के प्राप्त होने पर आयोग ने मुख्य सतर्कता अधिकारी/अनुशासनिक प्राधिकारी की विशेष सिफारिश के साथ संबंधित कर्मचारियों के प्रति उत्तर प्राप्त करने की सलाह दी है। यह मामला प्रक्रियाधीन है और कर्मचारियों के प्रति उत्तर प्राप्त किए जा रहे हैं और आयोग को शीघ्र ही रिपोर्ट भेजी जाएगी।

मैसर्स एनबीसीसी को विभिन्न ठेकों का अवार्ड- इस मामले में मुख्य सतर्कता अधिकारी, डीवीसी के रिपोर्ट की मंत्रालय में जांच की जा रही है।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4091
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

ग्रामीण विद्युतीकरण

†**4091. डॉ॰ शफीकुर्रहमान बर्कः**
श्री मारोतराव सैनुजी कोवासेः
श्रीमती मीना सिंहः
श्री हरि मांझीः
श्री रमेश बैसः
श्री पूर्णमासी रामः
श्री नित्यानंद प्रधानः
श्रीमती जयश्रीबेन पटेलः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विशेषकर पिछड़े क्षेत्रों के बहुत से गांवों का अभी भी विद्युतीकरण नहीं हुआ है तथा यदि हां, तो आज की तारीख तक तत्संबंधी राज्य–वार/संघ राज्यक्षेत्र–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में राज्य–वार/संघ राज्यक्षेत्र–वार सभी गांवों का विद्युतीकरण कब तक किए जाने की संभावना है तथा बी॰पी॰एल॰ कोटि के घरों में कब तक बिजली प्रदान किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या ग्रामीण क्षेत्र/बी॰पी॰एल॰ आवासों के विद्युतीकरण के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को और अधिक धन दिए जाने की संभावना है, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य–वार/संघ राज्यक्षेत्र–वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आर॰जी॰जी॰वी॰वाई॰) के अंतर्गत नियुक्त ठेकेदार ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य बहुत धीमी गति से कर रहे हैं जिसके कारण विद्युतीकरण कार्य में काफी अधिक समय लग रहा है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है; और

(च) इस संबंध में जिम्मेदार ठेकेदारों के विरुद्ध क्या दण्डात्मक कार्रवाई की गई/की जा रही है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क)- राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के अंतर्गत, देश में पिछड़े क्षेत्रों सहित 1,12,795 गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों (यूइवी) तथा 3,96,336 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों (पीईवी) के विद्युतीकरण को शामिल करते हुए 648 परियोजनाएं संस्वीकृत की गई हैं । 28.02.2013 की स्थिति के अनुसार, संचयी रूप से, 1,06,694 गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों तथा

2,89,623 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों में विद्युतीकरण कार्य पूरे किए जा चुके हैं । गांवों की कवरेज तथा उपलब्धि का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध** पर है ।

(ख)और(ग)- सरकार का शेष बचे गांवों/वासस्थलों, उनकी जनसंख्या का लिहाज किए बिना, को शामिल करते हुए आरजीजीवीवाई को निधियों की उपलब्धता के अनुसार 12वीं योजना में जारी रखने का प्रस्ताव है।

(घ)और(ङ)- अधिकांश राज्यों में आरजीजीवीवाई की प्रगति संतोषजनक है । तथापि, कुछ राज्यों में निम्नलिखित कारणों से प्रगति धीमी है-

i) अत्यंत दुर्गम क्षेत्र, खराब मौसम तथा पहुँच-मार्ग की समस्या, विशेषकर पूर्वोत्तर राज्यों, तथा जम्मू एवं कश्मीर में ।
ii) झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे नक्सल प्रभावित राज्यों में कानून एवं व्यवस्था संबंधी गंभीर समस्याएं ।

iii) मणिपुर के उखरूल एवं सेनापति जिलों के संविदा संबंधी मुकदमे माननीय उच्च न्यायालय गुवाहाटी में लंबित हैं ।
iv) पूर्वोत्तर राज्यों में टर्नकी परियोजनाओं के लिए अनुभवी स्थानीय ठेकेदारों का उपलब्ध न होना ।

(च)- संविदाएं कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा अवार्ड तथा निष्पादित की जाती हैं । कार्यों के पूरा होने में ठेकेदारों की वजह से, किसी प्रकार का विलंब होने से कार्यान्वयन एजेंसियां संविदा की शर्तों के अनुसार परिनिर्धारित क्षतियां/अर्थदंड लगाने के लिए उत्तरदायी होती हैं ।

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 21.3.2013 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं0 4091 के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध।

****

आरजीजीवीवाई के अंतर्गत गैर-विद्युतीकृत गांवों, आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों के गहन विद्युतीकरण की राज्य-वार कवरेज एवं उपलब्धि,

क्रम सं.	राज्य	गैर-विद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण		आंशिक विद्युतीकृत गांवों का गहन विद्युतीकरण	
		कवरेज**	संचयी उपलब्धि (28.02.2013तक)	कवरेज**	संचयी उपलब्धि (28.02.2013तक)
1	आंध्र प्रदेश *	0	0	27477	26823
2	अरुणाचल प्रदेश	2106	1624	1760	1045
3	असम	8326	7998	12984	12234
4	बिहार	23850	22645	19244	5048
5	छत्तीसगढ़	1594	954	17291	12143
6	गुजरात*	0	0	17667	16317
7	हरियाणा*	0	0	6511	4687
8	हिमाचल प्रदेश	95	83	10650	11198
9	जम्मू एवं कश्मीर	239	174	4442	2777
10	झारखण्ड	19071	18087	7106	5728
11	कर्नाटक	61	62	28119	24676
12	केरल*	0	0	1272	181
13	मध्य प्रदेश	843	566	49537	23558
14	महाराष्ट्र*	0	0	41739	36713
15	मणिपुर	882	616	1378	560
16	मेघालय	1866	1624	3239	2150
17	मिजोरम	137	94	570	346
18	नागालैण्ड	105	84	1140	1063
19	ओडिशा	14715	14340	29324	24515
20	पंजाब*	0	0	11840	0
21	राजस्थान	4339	4117	34783	32740
22	सिक्किम	25	25	418	383
23	तमिलनाडु*	0		10738	9673
24	त्रिपुरा	148	143	658	594
25	उत्तर प्रदेश	28439	27762	22980	2982
26	उत्तराखण्ड	1512	1511	9160	9221
27	पश्चिम बंगाल	4442	4185	24309	22268
	कुल	112795	106694	396336	289623

* आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब एवं तमिलनाडु राज्यों में, इन राज्यों द्वारा डीपीआर में किसी गैर-विद्युतीकृत गांव का प्रस्ताव नहीं किया गया था। तथापि, इन राज्यों में पहले से ही विद्युतीकृत गांवों का गहन विद्युतीकरण किया जा रहा है।

** आरजीजीवीवाई के चरण-II के अंतर्गत 2011-12 के दौरान स्वीकृत 72 परियोजनाओं के 1909 गैर/निर्विद्युतीकृत गांव, 53505 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों का गहन विद्युतीकरण करना शामिल है।

****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4093
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

विद्युत–वितरण कंपनियों का वित्तीय पुनर्गठन

†4093. **श्री ए॰ साई प्रतापः**
श्री एस॰ एस॰ रामासुब्बूः
श्री अशोक अर्गलः
श्री एम॰ वेणुगोपाल रेड्डीः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन विद्युत–वितरण कंपनियों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने वित्तीय पुनर्गठन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं और इन पर सरकार द्वारा वितरण कंपनी–वार क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या अनेक विद्युत–वितरण कंपनियों द्वारा इस सिलसिले में केंद्र सरकार को अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना अभी शेष है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या इस संबंध में विद्युत मंत्रियों के सम्मेलन में कोई चर्चा हुई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मंत्रालय ने राज्यों की विद्युत–वितरण कंपनियों के ऋण शोधन के लिए वर्ष 2013–14 के दौरान 1200 करोड़ रु॰ के बजटीय आबंटन की मांग की है; और

(ङ) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ प्राप्त बजट आबंटन का ब्यौरा क्या है?

8

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क)और (ख) राज्य स्वामित्व की डिस्काम्स का वित्तीय पुनर्गठन करने की स्कीम, विद्युत मंत्रालय द्वारा दिनांक 05.10.2012 के कार्यालय ज्ञापन के द्वारा अधिसूचित की गई थी। यह स्कीम आदेश जारी करने की तारीख से प्रभावी हो गई थी और इसे दिनांक 21.01.2013 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा 31.3.2013 तक बढ़ाया गया। यह स्कीम संचयी हानियों वाली उन सभी प्रतिभागी राज्य स्वामित्व की डिस्काम्स के लिए उपलब्ध है और जो वित्तीय प्रचालनात्मक हानियों के वित्तपोषण में कठिनाई का सामना कर रही हैं।

राज्य स्वामित्व डिस्काम्स को वित्तीय पुनर्गठन योजना (एफ.आर.पी.) तैयार करनी है और राज्य सरकार, ऋणदाताओं से अनुमोदन तथा राज्य विद्युत विनियामक आयोगों का सिद्धांततः अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडु और आन्ध्रप्रदेश की राज्य सरकारों ने एफ.आर.पी. स्कीम का हिस्सा बनने के लिए सिद्धांततः सहमति दे दी है और स्कीम की विभिन्न

अनिवार्य और सिफारिशी शर्तों का पालन करने के लिए सहमत हैं। झारखंड, केरल और बिहार राज्यों ने भी इस स्कीम में शामिल होने की इच्छा जताई है।

(ग)- दिनांक 5.2.2013 को आयोजित छठे विद्युत मंत्रियों के सम्मेलन में, राज्य स्वामित्व की डिस्काम्स के वित्तीय पुनर्गठन के लिए स्कीम सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की किया गयी है और इस स्कीम के महत्व और तात्कालिकता पर बल दिया गया।

(घ) और (ड.)- विद्युत मंत्रालय की 2013-14 की वार्षिक योजना के बजट अनुमान में 1500 करोड़ रुपए की राशि का प्रस्ताव किया गया था और इसका आवंटन किया जा चुका है ।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4119
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

पावर ग्रिड से जुड़े गांव

4119. श्री मुरारी लाल सिंहः
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में बहुत सारे गांव किसी पावर ग्रिड से जुड़े हुए नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो छत्तीसगढ़ सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र–वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसे गांवों को पावर ग्रिड से जोड़ने के लिए क्या कदम उठाये गये/उठाये जाने प्रस्तावित हैं?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क)और(ख)- राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के अंतर्गत, देश में छत्तीसगढ़ सहित 1,12,795 गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों (यूइवी) तथा 3,96,336 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों (पीईवी) के विद्युतीकरण को शामिल करते हुए 648 परियोजनाएं संस्वीकृत की गई हैं । 28.02.2013 की स्थिति के अनुसार, संचयी रूप से, 1,06,694 गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों तथा 2,89,623 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों में विद्युतीकरण कार्य पूरे किए जा चुके हैं । गांवों की कवरेज तथा उपलब्धि का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध** पर है ।

(ग)- सरकार का शेष बचे गांवों/वासस्थलों, उनकी जनसंख्या का लिहाज किए बिना को शामिल करते हुए आरजीजीवीवाई को निधियों की उपलब्धता के अनुसार 12वीं योजना में जारी रखने का प्रस्ताव है ।

****

□□□□□□

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 21.3.2013 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं0 4119 के भाग (क)और(ख) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध।

****

आरजीजीवीवाई के अंतर्गत गैर-विद्युतीकृत गांवों का आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों के विद्युतीकरण की राज्य-वार कवरेज एवं उपलब्धि,

क्रम सं.	राज्य	गैर-विद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण		आंशिक विद्युतीकृत गांवों का गहन विद्युतीकरण	
		कवरेज**	संचयी उपलब्धि (28.02.2013तक)	कवरेज**	संचयी उपलब्धि (28.02.2013तक)
1	आंध्र प्रदेश *	0	0	27477	26823
2	अरुणाचल प्रदेश	2106	1624	1760	1045
3	असम	8326	7998	12984	12234
4	बिहार	23850	22645	19244	5048
5	छत्तीसगढ़	1594	954	17291	12143
6	गुजरात*	0	0	17667	16317
7	हरियाणा*	0	0	6511	4687
8	हिमाचल प्रदेश	95	83	10650	11198
9	जम्मू एवं कश्मीर	239	174	4442	2777
10	झारखण्ड	19071	18087	7106	5728
11	कर्नाटक	61	62	28119	24676
12	केरल*	0	0	1272	181
13	मध्य प्रदेश	843	566	49537	23558
14	महाराष्ट्र*	0	0	41739	36713
15	मणिपुर	882	616	1378	560
16	मेघालय	1866	1624	3239	2150
17	मिजोरम	137	94	570	346
18	नागालैण्ड	105	84	1140	1063
19	ओडिशा	14715	14340	29324	24515
20	पंजाब*	0	0	11840	0
21	राजस्थान	4339	4117	34783	32740
22	सिक्किम	25	25	418	383
23	तमिलनाडु*	0		10738	9673
24	त्रिपुरा	148	143	658	594
25	उत्तर प्रदेश	28439	27762	22980	2982
26	उत्तराखण्ड	1512	1511	9160	9221
27	पश्चिम बंगाल	4442	4185	24309	22268
	कुल	112795	106694	396336	289623

* आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब एवं तमिलनाडु राज्यों में, इन राज्यों द्वारा डीपीआर में कोई गैर-विद्युतीकृत गांव का प्रस्ताव नहीं किया गया था। तथापि, इन राज्यों में पहले से ही विद्युतीकृत गांवों का गहन विद्युतीकरण किया जा रहा है।

** आरजीजीवीवाई के चरण-II के अंतर्गत 2011-12 के दौरान स्वीकृत 72 परियोजनाओं के 1909 गैर/निर्विद्युतीकृत गांव, 53505 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों का गहन विद्युतीकरण करना शामिल है।

****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4133
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

राष्ट्रीय विद्युत नीति

†**4133. डॉ॰ रत्ना डेः**
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान राष्ट्रीय विद्युत नीति की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) राष्ट्रीय विद्युत नीति में किए गये नवीनतम संशोधनों का ब्यौरा क्या है और ये संशोधन कब किये गये थे;

(ग) एन॰के॰ सिंह समिति द्वारा इस संबंध में की गयी सिफारिशों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) निकट भविष्य में प्रस्तावित संशोधनों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) : विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 3 के अनुपालन में 12 फरवरी, 2005 को केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय विद्युत नीति अधिसूचित की गई थी। राष्ट्रीय विद्युत नीति की प्रमुख विशेषताएं **अनुबंध** पर दी गई हैं।

(ख) : अभी तक राष्ट्रीय विद्युत नीति में कोई संशोधन नहीं किया गया है।

(ग) : अब तक इस संबंध में इस मंत्रालय में कोई विशिष्ट सिफारिश की जांच नहीं हुई है।

(घ) : उपर्युक्त (ग) के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न नहीं उठता।

*****

लोक सभा में दिनांक 21.03.2013 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 4133 के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

अनुबंध

राष्ट्रीय विद्युत नीति (2005) का उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा मामले और विभिन्न संसाधनों का उपयोग करते हुए उत्पादन का अर्थशास्त्र, इन संसाधनों के दोहन हेतु उपलब्ध प्रौद्योगिकी ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं और अन्य पणधारकों के हितों को सुरक्षित रखते हुए और सभी क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति प्रदान करने, विद्युत क्षेत्र का त्वरित विकास करने के लिए दिशा-निर्देशों का पालन करना है।

इस नीति का लक्ष्य एवं उद्देश्य निम्नानुसार हैः-

- अगले पांच वर्षों में सभी घरों के लिए विद्युत उपलब्ध कराना है।
- वर्ष 2012 तक विद्युत की उपलब्धता- मांग को पूर्णतः पूरा किया जाना है। ऊर्जा और व्यस्ततमकालीन कमी को पूरा किया जाना और पर्याप्त स्पिनिंग रिजर्व उपलब्ध कराना।
- कुशल तरीके से और यथोचित दरों पर विशिष्ट मानकों का विश्वसनीय और गुणवत्ता विद्युत की आपूर्ति।
- वर्ष 2012 तक विद्युत की प्रतिव्यक्ति उपलब्धता को 1000 यूनिटों से अधिक बढ़ाना।
- वर्ष 2012 तक एक अच्छे मेरिट के अनुसार न्यूनतम जीवन रेखा खपत 1 यूनिट/घरों/दिन करना।
- विद्युत क्षेत्र के वित्तीय टर्नराउंड और वाणिज्यिक व्यवहार्यता।
- उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा।

इसके अतिरिक्त, इस नीति में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा अल्पावधि और भावी योजना तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश हैं और यह नीति निजी क्षेत्र की प्रतिभागिता, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरणीय मामलों प्रशिक्षण और मानव संसाधन विकास, सह उत्पादन और गैर-परम्परागत ऊर्जा स्रोतों और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों सहित ग्रामीण विद्युतीकरण उत्पादन, पारेषण, वितरण, सेवाओं की लागत एवं लक्षित सब्सिडी की वसूली, तकनीकी विकास और अनुसंधान और विकास (आर एण्ड डी), उपभोक्ता लाभों पर लक्षितप्रतिस्पर्धा, वित्तीय विद्युत क्षेत्र कार्यक्रमों के मामलों के समाधान करती है।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4136
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

ताप विद्युत संयंत्र से प्रदूषण

†**4136. श्री दिलीप सिंह जूदेवः**
श्री जगदीश शर्माः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ताप विद्युत संयंत्र से उत्पन्न फ्लाई–ऐश आसपास के वातावरण को प्रदूषित कर रहा है जिससे नजदीक में रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और समीप में होने वाली फसलों को हानि पहुंच रही है;

(ख) यदि हां, तो देश में मौजूद ऐसे ताप विद्युत संयंत्रों विशेषकर कोराडी, खापरखेड़ा और सीपत ताप विद्युत संयंत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे विद्युत संयंत्रों के आसपास के पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव के संबंध में किये गये सर्वेक्षणों का ब्यौरा क्या है और फ्लाई–ऐश के प्रभाव को कम करने के लिए इन संयंत्रों द्वारा किये गये उपचारी उपायों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इन ताप विद्युत संयंत्रों में संस्थापित ऐश बैक फिल्टर/इलेक्ट्रो स्टेटिक प्रीसिपिटेटर ठीक से कार्य नहीं कर रहे हैं और इन संयंत्रों के प्रबंधकों ने इनसे प्रदूषण को रोकने के लिए ऐसे और फिल्टरों को उपलब्ध कराए जाने की मांग की है; और

(ङ) यदि हां, तो संयंत्र–वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रदूषण को रोकने और प्रभावित लोगों को मुआवजा देने के लिए सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों का संयंत्र–वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख)- केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने सूचित किया है कि खापरखेड़ा और सीपत ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) पर सस्पेंडिड पार्टिक्यूलेट मैटर (एसपीएम) को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित अनुबंधित मानकों के भीतर बनाए रखा जाता है । तथापि, कोराडी टीपीपी पर एसपीएम स्तर निर्धारित मानकों से अधिक है ।

(ग) से (ड.)- सीपत और खापरखेड़ा टीपीपी पर हाई एफिशियंसी इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रीसिपिटेटर (ईएसपी) लगाए जाते हैं । कोराडी टीपीपी ने दिसंबर, 2012 में यूनिट-6 में 500 नये बैग फिल्टरों के साथ क्षतिग्रस्त बैग वाले फिल्टरों को बदल दिया है । कोराडी टीपीपी ने महाजेनको मुख्यालय से 8000 बैगों की मांग की है, जिसने बैगों को पूर्ण रूप से बदलने के लिए प्रस्ताव का समर्थन किया

है । कोराडी टीपीपी ईएसपी, बैग फिल्टर हाऊस, प्रभावी उपचार संयंत्र और राख जल वसूली प्रणाली का अनुरक्षण कर रही है । इसके अतिरिक्त, कोराडी टीपीपी ने उत्सर्जन में सुधार लाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं-

(i) यूनिट-5 की बैग फिल्टर प्रणाली में बैगों को पूर्ण रूप से बदलने (7500) का कार्य नवंबर, 2012 में पूरा हो गया है ।

(ii) यूनिट-6 के लिए बैगों को पूर्ण रूप से बदलने का कार्य (8500) मार्च, 2013 तक संभावित है ।

(iii) इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रीसिपिटेटर्स (ईएसपी) के उन्नयन का कार्य जून, 2013 में संभावित है ।

(iv) प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्थापित मानक को प्राप्त करने के लिए नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य हेतु कार्य योजना महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत की गई है ।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4139
जिसका उत्तर 21 मार्च, 2013 को दिया जाना है।

फ्लाई–ऐश का उपयोग

†**4139. श्री पी॰आर॰ नटराजनः**
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार ने आज की तिथि के अनुसार फ्लाई–ऐश के उपयोग के संबंध में कोई विश्लेषण किया है;

(ख) यदि हां, तो उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जिनमें फ्लाई–ऐश और बॉटम–ऐश का उपयोग किया जा रहा है; और

(ग) विभिन्न क्षेत्रों में इसका उपयोग करने के लिए की गई/प्रस्तावित पहलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क)- जी, हाँ, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण(सीईए) 1996-97 से कोयला/लिग्नाइट आधारित ताप विद्युत स्टेशनों पर फ्लाई ऐश के उत्पादन और उपयोग की निगरानी कर रहा है ।

(ख)- फ्लाई ऐश का उपयोग निचले क्षेत्र के सुधार में, खान को भरने में, ऐश डाइकों को ऊँचा करने में और कृषि में सीमेंट के विनिर्माण, उत्पादन, राजमार्गों सड़कों और पुलों, ईंटों, टाइलों, ब्लाकों आदि के निर्माण में किया जा रहा है ।

(ग)- पर्यावरण एवं वन मंत्रालय(एमओईएफ) ने चरणबद्ध ढंग से 100% उपयोग को प्राप्त करने के लिए सभी कोयला/लिग्नाइट आधारित ताप विद्युत स्टेशनों द्वारा फ्लाई ऐश के उपयोग के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए अधिसूचनाएँ जारी की हैं । भारत सरकार द्वारा निर्धारित कुछ पहलें निम्नवत हैं-

i) सभी ताप विद्युत स्टेशनों द्वारा सीमेंट और अन्य प्रयोगकर्ता उद्योगों को सूखी ऐश उपलब्ध करवाना ।

ii) फ्लाई ऐश या क्ले फ्लाई ऐश की ईटों, ब्लाकों और टाइलों का उत्पादन करने वाले यूनिटों को सभी ताप विद्युत स्टेशनों द्वारा कम-से-कम 20% सूखी फ्लाई ऐश निःशुल्क उपलब्ध करवाए जाने की आवश्यकता है ।

iii) क्ले फ्लाई ऐश उत्पाद वाले विनिर्माण यूनिटों, किसानों तथा राज्य सड़क निर्माण एजेंसियों, सार्वजनिक कार्य विभागों सहित ईटों, ब्लाकों या टाइलों के विनिर्माणकर्ताओं को और खानों की बैक फिलिंग अथवा स्टोइंग में लगी हुई एजेंसियों को "जहाँ है जैसा है" के आधार पर सभी विद्युत स्टेशनों द्वारा जलाशय राख निःशुल्क उपलब्ध करवाए जाने की आवश्यकता है ।

****